प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में 56वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता प्रारम्भ

पन्तनगर। 26 अप्रैल, 2024। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की तीन–दिवसीय 56वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता स्टीवेंसन स्टेडियम में प्रारम्भ हुई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

प्रतियोगिता के आरम्भ में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराया गया और मार्चपास्ट की सलामी ली गयी। मार्चपास्ट की अगुवाई पी.ए.सी. के बैण्ड ने की जिसके पीछे सभी छात्रावासों के विद्यार्थी अपने–अपने छात्रावास का ध्वज लेकर मार्चपास्ट कर रहे थे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय चैम्पियन ने सभी विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलायी तथा प्रतियोगिता के प्रारम्भ में मशाल लेकर स्टेडियम के मैदान की परिक्रमा की। खेल–कूद प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर छात्राओं द्वारा गीत व नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गयी। प्रतियोगिता में 21 छात्रावासों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह द्वारा कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान को पुष्पगुच्छ एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ज्वेलिंग थ्रो में रिकार्ड कायम करने वाले डा. जे.पी. सिंह पूर्व विद्यार्थी का कुलपति द्वारा स्वागत किया गया। जयपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता टीम को भी कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रजत सैनी प्रथम, राहुल कुमार द्वितीय तथा सुमित जोशी तृतीय स्थान पर रहे। कुलपति द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्री के.पी. सिंह ने किया। उद्घाटन के अवसर पर प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. ओम प्रकाश, डा. पूनम त्यागी, डा. एच.एस. पपोला, डा. भाष्कर तिवारी, डा. जी.एस. बोहरा व सभी अधिष्ठाता, निदेशक, छात्रावास अभिरक्षक व सहायक छात्रावास अभिरक्षक, स्टाफ काउंसलर एवं अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में मार्च–पास्ट की सलामी लेते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

प्रतियोगिता में संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार